पंजाब केसरी 08/11/2025



आर्य कॉलेज में आयोजित राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करतीं आयोजक। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज ने जीती भारतीय संविधान पर हुई राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

अम्बाला, 7 नवम्बर (बलराम): छावनी के आर्य कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय संविधान संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जी.एम.एन. कॉलेज अम्बाला छावनी, दूसरा एस.डी. कॉलेज अम्बाला छावनी और तीसरा स्थान दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र ने हासिल किया।

इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अमनीत कौर ने राज्य के विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के साथ भारतीय संविधान के महत्व पर विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञान और समझ का प्रदर्शन करने में सहायक होती हैं। मंच का संचालन प्रो. अरविन्द यादव व पर्यवेक्षक की भूमिका डॉ. कमलजीत कौर तथा डॉ. सुमन बाला ने निभाई।